हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ

(तिथि 13 दिसंबर 2025, समय 1305 (05 मिनट)

मंत्रिमण्डल की आर्थिक कार्य समिति ने कल निर्बाध, कुशल और पारदर्शी उपयोग के लिए कोयला खंडों की नीलामी नीति कोल-सेतु को स्वीकृति दी। इससे विभिन्न औद्योगिक उपयोगों और निर्यात के लिए कोयला खंडों की नीलामी के लिए एक नया माध्यम तैयार हो गया है। इसका उद्देश्य संसाधन की निष्पक्ष उपलब्धता और अधिकतम उपयोग सुनिश्चित करना है। श्री वैष्णव ने कहा कि भारत कोयला क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ रहा है।

***2016 में कौल सेतु के माध्यम से जो नॉन पावर सेक्टर्स हैं उसको एक बहुत ही ट्रांसपेरेंट मेथड से ऑक्शन करने की व्यवस्था लाई गई थी, अब उसमें एक सेकेंड बड़ा रिफॉर्म किया गया। अब इसमें इरिस्पेक्टिव ऑफ दि एंड्यूज़। एनी यूजर कैन पार्टिसिपेट इन दि कोल सेतु विंडो। अब कोल के एक्सपोर्ट को भी प्रमोट किया जा रहा है। इससे बहुत बड़ी फ्लेक्सेबिलिटी आएगी इंडस्ट्री में।***

नई दिल्ली में कल मंत्रिमंडल के निर्णयों के बारे में सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि यह नीति 2016 की गैर-विनियमित क्षेत्र खंडों की नीलामी नीति में कोल-सेतु माध्यम जोड़कर दीर्घकालिक आधार पर कोयला खंडों के आवंटन की अनुमति देगी। मंत्रिमंडल ने जनगणना 2027 के संचालन के लिए 11 हजार 718 करोड़ रुपये का बजट स्वीकृत किया। श्री वैष्णव ने कहा कि जनगणना दो चरणों में आयोजित की जाएगी।

***संसेस दो फेजेज में होगा, फेस वन में फोकस रहेगा हाउसहोल्डस के अंदर क्या एमेनिटीज है हाउसिंग कंडीशन कैसी है कच्चा घर है, पक्का घर है, घर में कितने रूम्स हैं, किस तरह से घर में कोई व्हीकल है, घर में इलेक्ट्रिसिटी कनेक्शन कैसा है, दैट विल बि दि बेस फॉर फेज टू जिसमें बहुत इंपॉर्टेंट है डेमोग्रेफिक्स, सोशल, कल्चरल एंड इकनोमिक पैरामीटर का एन्यूमरेशन किया जाएगा, पूरी जनसंख्या का***

मंत्रिमंडल की आर्थिक कार्य समिति ने वर्ष 2026 के लिए खोपरा के न्यूनतम समर्थन मूल्य को भी मंजूरी दे दी है।

***कोपरा के लिए एमएसपी का अप्रूवल हुआ है, मिलिंग कोपरा का 12027 पर क्विंटल रखा गया है एंड फोर बॉल कोपरा दि प्राइस विच इज अप्रूव्ड इस 12500 रुपीस पर क्विंटल***

श्री वैष्णव ने कहा कि इस निर्णय से नारियल उत्पादकों को बेहतर लाभ सुनिश्चित होगा। इसके साथ ही किसानों को घरेलू और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नारियल उत्पादों की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए खोपरा उत्पादन बढ़ाने के लिए भी प्रोत्साहन मिलेगा।

---

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि केंद्रीय मंत्रिमंडल की कोलसेतु नीति को स्वीकृति देना भारत की ऊर्जा सुरक्षा को मजबूत करने और विकास को गति देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। श्री मोदी ने कल सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि कोलसेतु नीति कोयले का सुचारू, कुशल और पारदर्शी उपयोग और सक्षम बनाने के लिए एक नया रास्ता खोलेगी। उन्होंने कहा कि इससे व्यापार करने में आसानी होगी, घरेलू उपलब्धता बढ़ेगी और आयातित कोयले पर निर्भरता कम होगी। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि मंत्रिमंडल के वर्ष 2026 के लिए खोपरा के न्यूनतम समर्थन मूल्य में वृद्धि करने का निर्णय नारियल किसानों की आय बढ़ाने के साथ खोपरा उत्पादन को भी प्रोत्साहन देगा। उन्होंने कहा कि सरकार पूरे देश में किसानों का जीवन स्तर बेहतर बनाने के लिए प्रतिबद्ध है।

---------------------------------------------------------------------------------------------------------------------------

राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष रेनू भाटिया ने कल हिसार स्थित लघु सचिवालय में महिला विरुद्ध अपराध व अन्य मामलों पर सुनवाई की।पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने बताया कि कुल 33 केस मामले सुने गए जिनमें से कुछ मामलों में सुलह हो गई जबकि कई मामले रद्द हो गए और और कई अदालत में चले गए। उन्होंने बताया कि लगभग 9 मामले लंबित रखे गए हैं जिन्हें सुनवाई के लिए अगली तारीख दी गई है।

---------------------------------------------------------------------------------------------------------------------------